हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)
दूरभाष / Telephone : 01346 - 252143 (O)
वेबसाइट / Website : hnbgu.ac.in

पत्रांक सं० : ग०वि०वि० / कु०का० / 2021 / 209 दिनांकः 2 / 09 / 2021

कार्यालय आदेश (209 / 2021)

विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों / विभागों के प्रभावी पर्यवेक्षण (Supervision) एवं जवाबदेही (Accountability) सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समय–समय पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। साथ ही पत्रजातों / पत्रावलियों पर समयबद्ध कार्यवाही / निर्णय हेतु भी अनुभागों / विभागों को निर्देशित किया गया है। एतद्द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त अनुभागों / विभागों के नियंत्रक अधिकारियों / प्रभारियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय कार्यहित में अपने अधीनस्थ अनुभागों / विभागों के द्वारा व्यवहृत कार्यालयी कार्यों का नियत समयान्तराल पर प्रभावी पर्यवेक्षण (Supervision) एवं जवाबदेही (Accountability) सुनिश्चित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। साथ ही समस्त अनुभागों / विभागों के नियंत्रक अधिकारियों / प्रभारियों द्वारा अपने अधीनस्थ अनुभागों / विभागों के द्वारा व्यवहृत कार्यालयी कार्यों / सेवाओं के संपादन हेतु एक अधिकतम समय सीमा भी निर्धारित की जानी होगी ताकि तद्नुसार तय समयावधि के अन्तर्गत ही कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करते हुए सम्बन्धित कार्मिकों की जवाबदेही (Accountability) सुनिश्चित की जा सके।

विश्वविद्यालय के समस्त अनुभागों / विभागों के नियंत्रक अधिकारियों / प्रभारियों द्वारा उपरोक्तानुसार कृत कार्यवाही से प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में कुलसचिव कार्यालय को अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जायेगी।

आज्ञा से,
कुलपति

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / परिसर निदेशक।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / नियन्ता / मुख्य छात्रावास अधीक्षक।
3. परीक्षा नियंत्रक / पुस्तकालयाध्यक्ष / प्रभारी, खेल निदेशक।
4. संयुक्त कुलसचिव / समस्त उप कुलसचिव / समस्त सहायक कुलसचिव।
5. समस्त अनुभाग अधिकारी / प्रभारी।
6. निजी सचिव, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
7. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
8. प्रभारी, कम्प्यूटर सेंटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट में प्रकाशन हेतु।
9. गार्ड फाइल।

कुलसचिव 2/9/21